# भिण्ड रेलवे स्टेशन पर कर्मचारी नहीं दे रहे सोनागिरि के टिकिट

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 3 जुलाई।** भिण्ड रेल्वे स्टेशन पर सोनागिरि जाने वाले यात्रियों को टिकिट नहीं देने से नाराज वार्ड क्र.34 के भाजपा

## पार्षद मनोज जैन ने डीआरएम झांसी मण्डल से की शिकायत

पार्षद मनोज जैन ने डीआरएम उत्तर मध्य रेल्वे झांसी को ज्ञापन सौंपकर भिण्ड रेल्वे स्टेशन पर पदस्थ कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है।



डीआरएम को सौंपे ज्ञापन में बताया गया है कि दिगंबर सिद्धक्षेत्र जैन मन्दिर सोनागिरि के लिए भिण्ड के दर्शनार्थी जाते हैं तो रेल्वे स्टेशन के कर्मचारियों द्वारा सोनागिरि का टिकिट न देते हुए दतिया एवं डबरा का टिकिट दिया जाता है। सकल जैन समाज एवं पार्षद मनोज जैन ने केन्द्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, सांसद संध्या राय से निवेदन कर जैन समाज के सिद्धक्षेत्र सोनागिरि में स्टॉपेज की मांग की थी, जिसको पूर्ण किया गया, परंतु रेल्वे कर्मचारियों द्वारा सोनागिरि स्टेशन का टिकिट देने से आनाकानी की जाती है, जिससे श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त है। अगर सोनागिरि रेल्वे स्टेशन के टिकिट बिक्री नहीं होती है तो सोनागिरि रेल्वे स्टेशन पर गाडियों को बंद करने की साजिश का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आग्रह किया है कि भिण्ड रेल्वे स्टेशन कर्मचारियों को निर्देशित कर सोनागिरि स्टेशन के टिकिट वितरण कराए जाएं।

# एमजेएस महाविद्यालय में तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 3 जुलाई।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस एमजेएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दीक्षा आरंभ कार्यक्रम का द्वितीय दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.

## छात्रों को संस्थान में होने वाली विभिन्न गतिविधियों की दी गई जानकारी

राम अवधेश शर्मा के निर्देशन में यह कार्यक्रम कॉलेज में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को संस्थान और उसकी होने वाली गतिविधियों एवं चलने वाली विभिन्न प्रकार की योजनाओं से परिचित कराने के उद्देश्य किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत में




मां सरस्वती का दीप प्रज्वलित एवं पुष्पहार छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। मंच संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-2 के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राजीव जैन द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की सचिव व्यवस्था उपलब्ध सुविधाएं संचालित पाठ्यक्रम एवं शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जैसे गांव की बेटी योजना प्रतिभा कारण योजना मेधावी छात्रवृत्ति योजना एनसीसी एनएसएस कैरियर उन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि की जानकारी दी गई। महाविद्यालय के प्रवेश प्रभारी एवं संकल्प कोचिंग के प्रमुख प्रो. अभिषेक यादव द्वारा छात्र-छात्राओं को नई शिक्षा एवं महाविद्यालय के तीन वर्ष आपको क्या करना है किस तरह से पढ़ाई करनी है एवं आपका मुख्य लक्ष्य क्या है इस विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रो. गजेन्द्र सिंह ने महाविद्यालय में संचालित विभिन्न विषयों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह आयोजन छात्रों के समग्र व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा

वनस्पति विभाग के प्रो. डॉ. राजीव राजेंद्र सिंह राठौड़ ने विद्यार्थियों को इको क्लब एवं अपने विषय के बारे में विस्तार से चर्चा की एवं पेड़ लगाने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी इकाई-एक डॉ. अनिता बंसल वार्षिक कैलेंडर के अंतर्गत अयोजित होने वाली विभीन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर गणित विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. बीनू सिंह, विधि विभाग के विभागाध्यक्ष केके रायपुरिया, छात्रवृत्ति प्रभारी श्यामजी निगम, विवेकानंद कैरियर प्रभारी मोहित दुबे, कार्यक्रम संयोजक डॉ. निर्मल खलखो, जंतु विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आरती शर्मा, छात्र एवं छात्राएं उपस्थिति रहीं।

# मोहर्रम पर्व शांति एवं सद्भावनापूर्ण तरीके से मनाएं : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 3 जुलाई।** जिले में मोहर्रम के अवसर पर साम्प्रदायिक सौहार्द, सुरक्षा व्यवस्था एवं सतर्कता बरतने के संबंध में कलेक्टर संजीव

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुनील दुबे, अपर कलेक्टर एलके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर शिवांगी अग्रवाल, एसडीएम भिण्ड अखिलेश शर्मा



सहित अन्य अधिकारी, समिति सदस्य उपस्थित रहे।

कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर कहा कि कर्बला वाले स्थान पर लाईट एवं पानी के टेंकरों की व्यवस्था की जाए, ताजिया का जुलूस निकलने वाले रास्तों पर ऐसे अनुपयोगी बेनर अथवा जीर्णशीर्ण बैनरों को हटाया जाए जिससे ताजिया निकलते समय व्यवधान उत्पन्न न हो, ताजिया का जुलूस निकलने वाले रास्तों पर ट्रेफिक पुलिस की उचित व्यवस्था कराई जाए तथा ट्रेफिक व्यवस्था के लिए बेरीकेड्स भी लगाए जाएं, विद्युत विभाग/ पीडब्ल्यूडी/ सीएमओ की टीम ताजिये के रूट पर एसडीएम भिण्ड से समन्वय कर संयुक्त रूप से भ्रमण कर सुगम व्यवस्था बनाएं।

उन्होंने सीएमओ को निर्देशित कर कहा कि मस्जिदों के आस-पास साफ सफाई, पानी के टेंकर की व्यवस्था की जाए, ताजियों के निकलने के दौरान रास्ते में पडने वाले बड़े पेड़ों की टहनियों को छटवा दिया जाए, जिससे कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। जुलूस के समय रास्तों पर आवारा पशुओं को रोकने के लिए नगर पालिका कर्मचारी जुलूस मार्ग में तैनात रहें। ताजियों के जुलूस के रास्ते पर जलभराव कीचड़ होने की स्थिति में गिट्टी मुरम डलवाई जाए। ताजियों के जुलूस मार्ग की साफ-सफाई करा दी जाए।

कलेक्टर ने एमपीईबी को निर्देशित कर कहा कि मोहर्रम त्यौहार में ताजियों के जुलूस निकलने वाले रास्तों में बिजली के तारों को ऊंचा किया जाए, जिससे ताजियों के निकलने में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। उन्होंने समिति सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों को अमल में लाने के आश्वासन देते हुए उपस्थित अधिकारियों को कार्रवई करने के निर्देश दिये तथा मोहर्रम के त्यौहार को शांति एवं सद्भावना पूर्ण रूप से मनाए जाने की सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों से अपील की।

# सोशल मीडिया पर वायरल किए अंतरंग फोटो, पति के विरुद्ध मामला दर्ज

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 3 जुलाई।** जिले के ऊमरी थाना क्षेत्र के ग्राम विलाव निवासी एक नवविवाहित के पति ने उसके अंतरंग फोटो सोशल

## शादी के कुछ समय बाद ही शुरू हो गया था विवाद

मीडिया पर वायरल कर दिए और इंस्टाग्राम पर वीडिया कॉल के स्क्रीन शॉट डाल दिए। महिला थाना पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर उसके पति के विरुद्ध 79, 351(3) बीएनएस, 67 आईटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम विलाव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि गत 10 जून को पति ने उसके अंतरंग फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। जिससे उसकी पूरे समाज में बदनामी हुई है। बताया गया है कि पीड़िता की शादी 22 फरवरी 2023 को ग्वालियर में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में फुलेनगर, थाना कैलारस जिला मुरैना निवासी युवक से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया था। कई बार समझौते की कोशिश हुई, लेकिन रिश्तों में सुधार नहीं हुआ। महिला का आरोप है कि पति ने वीडियो कॉल के दौरान लिए गए अश्लील स्क्रीनशॉट और वीडियो इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर दिए। यही नहीं उसने पीड़िता की इंस्टाग्राम आईडी पर भी ये सामग्री भेजी। पीड़िता ने बताया कि उसका पति लगातार फोन कर धमकी देता था। वह मायके वालों को जान से मारने की धमकी भी दे चुका है। महिला इस समय अपनी मां के साथ रहती है, जबकि उसके पिता छिंदवाड़ा में प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं।

# अधिया-कारतूस सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 3 जुलाई।** जिले की आलमपुर थाना पुलिस ने अधिया-कारतूस सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार उनके कब्जे से मोटर साइकिल भी

## बाईक भी जब्त

बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 25(1-बी)(ए) आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बुधवार की रात्रि में आलमपुर पुलिस को सूचना मिली कि गेंथरी माता मन्दिर के सामने आम रोड पर कुछ लोग बारदात की नीयत से खड़े हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, किंतु पुलिस ने उन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया और उनके कब्जे से 315 बोर की अधिया, दो जिन्दा राउण्ड तथा मोटर साइकिल क्र. एम.पी.07 एम.जेड.8440 जब्त की है।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने नाम तानसेन कौरव, रणजीत उर्फ भूरे कौरव, श्यामू परिहार निवासीगण ग्राम बरथरा बताए हैं।

# जनमानस के लिए आशा की किरण राहुल गांधी : शर्मा

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 3 जुलाई।** राहुल गांधी का विपक्ष के नेता के रूप मे एक साल वेमिशाल सार्थकता को सिध्द करते हुए जन मानस के लिए आशा की किरण हैं।

उपरोक्त उदगार कांग्रेस के बरिष्ठ नेता जिला उपाध्यक्ष बीरेंद्र शर्मा डी ने अपने निज निवास पर प्रेस के समक्ष देते हुऐ कहा देश की राजनैतिक सामाजिक आर्थिक एंव विदेश नीति एंव सामाजिक दायरे मे लोगों के बीच बढती दूरियां महिलाओ पर बढते अत्याचार चीख चीख कर कह रहे है मगर पीडितो की चीख भरी आबाज के प्रति संन्नाटा विपक्ष के नेता राहुल गांधी का एक साल पूर्ण हर पल प्रतिपल देश समाज एंव आर्थिक राजनैतिक विदेश नीति को लेकर संसद से सडक तक देश व समाज हित मे सराहनीय कदम रहा।

राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के चलते शोषित पीडित जन समुदाय से रुबरु होकर उनकी पीडा को नजदीकी से देखा और महसूस किया और पीडित जन समुदाय की लडाई लडने लगातार संसद से लेकर सडक तक संघर्ष करते नजर आऐ चाहे मामला मणीपुर की जलती बस्तियां हिंसा मे मरते लोग अत्याचार से पीडित महिलाओ के बीच पहुच कर उनसे रुबरु होकर उनकी पीडा को आत्मसात करते हुऐ सरकार के समक्ष संसद मे खडे होकर जिंदा दिली के साथ आबाज उठाना एंव



आरक्षण व जाति जनगणना को लेकर मुखर होकर बोलना यह सच साबित करता है कि राहुल गांधी की नफरत के बाजार मे मुहब्बत की दुकान बाले बाक्य को सार्थकता की सीढी के रूप मे देखा जाने लगा,

देश का जन समुदाय राहुल गांधी के वेवांकी से सच्चाई के साथ संघर्ष को जनता धीरे धीरे आत्मसात करने लगी जिसका परिणाम लोकसभा चुनाव मे काले बादलो के बीच सूरज की किरण कि तरह फूटकर निकला,

राहुल गांधी का संघर्ष थमा नही और अधिक आक्रामकता के साथ गति पकडते हुऐ विदेशो तक यात्राएं के माध्यम से पहुचा और बडे बडे शिक्षा संस्थानो मे क्षात्रो बुध्दिजीबियो को संबोधित करते हुऐ भारत के लोकतान्त्रिक विकाश शील देश को हर क्षेत्र मे बहुआयामी मुकाम की और आगे ले जाने का संकल्प दौहराया। वेवांकी के साथ सच कहने के लिए कयी बार अपनी ही पार्टी के नेताओं के बीच राहुल गांधी को आलोचना का शिकार होना पडा लेकिन कभी सच्चाई के पथ से किंचित मात्र भी पीछे नही हटे, लगातार अपनी वेवांक शैली के घबराई सरकार ने छल पूर्वक अनावश्यक मुकदमे दर्ज कराऐ पर मामलो की परवाह न करते हुऐ देश और समाज के हितो की रक्षा के लिए लडाई लडते हुऐ निरंतर आगे बढ रहे।

कश्मीर के पहलगांव मे निर्दोष भारतीयों की हत्या के बिषय मे अविलंब निर्णय लेते हुऐ देश की एकता अखंडता के लिए सरकार के साथ खडे होकर सरकार और हमारे देश के बहादुर सैनिको का मनोवल ऊँचा बनाऐ रखने सबसे अगली पंक्ति मे खडे हुऐ राहुल गांधी ने हर मोर्चे पर सच्चाई के साथ संघर्ष करते हुऐ देश की जन मानस को संदेश देकर सिध्द कर दिया कि राहुल गांधी के लिए देश सर्वोपरि है। राजनैतिक द्रष्टिकोण पर इंडिया गठबंधन का गठन हुआ उसमे भी आवश्यकता के समय अन्य राजनैतिक पार्टियों के साथियों के लिए संर्घष करते हुऐ आप आदमी पार्टी के सीएम अरविन्द केजरीवाल बंगाल की सीएम ममता बनर्जी सहित हर साथी के लिए संसद से लेकर सडक तक संघर्ष करते हुऐ साथ दिया।

आज देश राहुल गांधी की ओर आशा भरी नजरो से देख रहा है कि देश की संम्रधी व सुचिता के लिए राहुल गांधी उतना ही जरूरी हे जितना शरीर के लिए आत्मा।

# रास्ते से हटने के विवाद पर अज्ञात लोगों ने किए फायर

**नवभारत न्यूज**
**गोहद, 3 जुलाई।** गोहद थाना क्षेत्र के ग्राम पतोखी पुरा में रास्ते से हटने के विवाद पर अज्ञात लोगों ने कट्टे से फायर कर दिए। जिसमें दो लोगों

## घटना में घायल दो लोगों को किया गया ग्वालियर रैफर

को गोली लगी। दोनों घायलों को ग्वालियर रैफर कर दिया है।

जानकारी के अनुसार युवक अंकित गुर्जर पुत्र जितेंद्र गुर्जर उम्र





18 वर्ष निवासी गिरगांव अपने चचेरे भाई अजय पुत्र कोक सिंह निवासी गिरगांव के साथ गोहद से गिरगांव जा रहा था। तभी दोनों लोग पतोखी पुरा के पास पहुंचे तो कुछ लोग रोड पर खड़े हुए थे। जिन्हें युवक अजय द्वारा बाइक से होर्न दिया गया और रास्ते से हटने को कहने के विवाद को लेकर गांव के ही अज्ञात लोगों ने युवकों के साथ मारपीट कर दी। युवक ने अपने गांव में सूचना कर दी। मौके पर शिशुपाल भी आ गया। इसी दौरान पतोखी पुरा निवासी कुछ लोगों ने गोली चला दी। जिससे अंकित गुर्जर पुत्र जितेंद्र गुर्जर के सीने में गोली लगी। वहीं पास में खड़े यशपाल गुर्जर को भी पीठ में छर्रा लगा है। सूचना लगते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया है। गंभीर हालत में युवकों को ग्वालियर रेफर कर दिया है।

# वर्ल्ड पुलिस गेम में महेन्द्र ने जीता गोल्ड मेडल

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 3 जुलाई।** जिले के ग्राम रमा निवासी महेन्द्र यादव पुत्र ऊषा-राकेश यादव ने अमेरिका में चल रही वर्ल्ड कराटे चैंपियनशिप में काता इवेंट में हासिल की है, जो पूरे भारत पुलिस विभाग और हर भारतीय के साथ-साथ भिण्ड के प्रत्येक व्यक्ति के लिए गर्व की बात है।

महेन्द्र यादव ने कराटे का अभ्यास अपने गुरू और मामा राधेगोपाल यादव के दिशा निर्देशन में प्रारंभ किया, फिर ग्वालियर में



मनोज दुबे से प्रशिक्षण लिया और उनका चयन मप्र खेल अकादमी में हुआ और जयदेव शर्मा ने उन्हें प्रशिक्षित किया। वहां से उनका चयन खेल से ही सीआरपीएफ फोर्स के लिए हो गया, जहां उन्होंने निरंतर अभ्यास करते हुए कई गोल्ड मेडल हासिल किए।

तदुपरांत सीआरपीएफ में कोच के पद पर नियुक्त हो गए और वर्ल्ड पुलिस खेल में पहली बार करने के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करने वाले भिण्ड के पहले खिलाड़ी बने। उनकी इस उपलब्धि पर राधेगोपाल यादव, विजय यादव, बृजबाला यादव, शिवप्रताप सिंह भदौरिया, डॉ. योगेन्द्र यादव, गगन शर्मा, राहुल यादव भूरे सहित भिण्ड के सभी खेल प्रेमी और किशोरी स्पोर्ट्स क्लब परिवार ने बधाई दी है।

## मौ में तहसीलदार चंदेल ने सम्हाला प्रभार

**भिण्ड, 3 जुलाई।** जिले की मौ तहसील के नए तहसीलदार पवन चंदेल ने गुरुवार को अपना प्रभार ले लिया है। पिछले कुछ दिनों से मौ तहसील का अतिरिक्त प्रभार देहगांव सर्किल के नायब तहसीलदार के पास था।

# उपयंत्री जैन का सेवानिवृत्ति पर सीईओ ने किया सम्मान




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 3 जुलाई।** उपयंत्री आरईएस एवं जिलाध्यक्ष मध्यप्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स ऐसोसियेशन भिण्ड राजेन्द्र जैन का विगत दिवस जिला पंचायत सभागार में आयोजित विदाई पार्टी में सीईओ जिला पंचायत द्वारा शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आरएल शर्मा कार्यपालन यंत्री भिण्ड को शहडोल सर्किल में प्रभारी अधीक्षण यंत्री बनाये जाने पर उनका भी विदाई पार्टी में सम्मान किया गया।

इस अवसर पर इंजी.जैन का पूरा परिवार एवं रिश्तेदार इस भव्य एवं भावभीनी विदाई पार्टी में मौजूद रहे। विदाई पार्टी एवं अभिनंदन समारोह का संचालन संयुक्त तौर पर इंजी. नरेन्द्र भारद्धाज एवं शिवचरण यादव ने किया। इस अवसर पर इंजी. राजेश उपाध्याय, इंजी. ध्रुव भारद्वाज, इंजी. राघवेन्द्र पचौरी, इंजी जितेन्द्र तोमर, इंजी. लोकेन्द्र, इंजी धर्मेन्द्र दुबे जाट, इंजी. रोहित उनिया, इंजी. संजय खरे, इंजी. लोकेन्द्र वर्मा, डॉ. पवन श्रीवास, इंजी प्रदीप शर्मा, नीरज भदौरिया, इंजी. डीके श्रीवास्तव, इंजी डीके शर्मा, बिलाल शेख, इंजी. राहुल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# ज्योति कलश यात्रा हरिद्वार की श्रद्धापूर्वक विदाई

**भिण्ड, 3 जुलाई।** तपोनिष्ठ गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा प्रज्वलित



अखण्ड ज्योति को सन् 2026 में 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ज्योति कलश यात्रा हरिद्वार का शुभ आगमन भिण्ड जिले में हुआ था। यात्रा एक जून से 30 जून तक मेहगांव, गोरमी, अटेर, फूप, भिण्ड, रौन, मिहोना लाहर व मौ के नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करती रही। जहां धर्मप्रेमियों द्वारा ज्योति कलश का भव्य पूजन व प्रति दिन एक स्थल पर पांच कुण्डीय यज्ञ व अन्य पर दीप यज्ञ का आयोजन सम्पन्न हुए। 30 जून को मौ क्षेत्र में अन्तिम कार्यक्रम के बाद भिण्ड में मां गायत्री प्रज्ञापीठ कुम्हरौआ से ज्योति कलश को पूजन उपरान्त आगामी ज्योति कलश यात्रा हेतु टीकमगढ के लिए श्रद्धापूर्वक रवाना किया गया। यात्रा के विदाई कार्यक्रम में सत्येन्द्र सिंह राजावत बोस, सुरेन्द्र सिंह चौहान, बृजराज सिंह राजावत, देवेन्द्र सिंह राजावत, सत्यम सोनी, सत्येन्द्र सिंह सिकरवार व महिला मण्डल अन्य धर्म प्रेमी बन्धुओं ने गुरुदेव की सूक्ष्म सत्ता का आशीर्वाद लाभ लिया।

# सड़क किनारे बैठी गायों को डंपर ने कुचला

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 3 जुलाई।** नेशनल हाईवे-719 के वायपास पर मेला ग्राउण्ड के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने बुधवार की रात करीब 11 बजे सड़क किनारे बैठी पांच गायों को कुचल दिया। घटना के दौरान

## तीन गायों की मौत तथा दो गंभीर घायल

तीन गायों की मौत हो गई तथा दो गायें गंभीर रूप से घायल हो गई।

जानकारी के मुताबिक सिटी कोतवाली से लहार चुंगी की ओर तेज रफ्तार में दौड़ रहे डंपर ने मेला ग्राउंड के पास सड़क किनारे बैठीं गायों को रौंद दिया। हादसे के बाद एक सांड और दो गायें डंपर के नीचे फंस गईं। हादसे की



जानकारी मिलते ही कई गौसेवक भी मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों एवं गौसेवकों ने घायल गायों का उपचार कराया गया। सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और हाईवे पर लगा जाम खुलवाया। हादसे की जानकारी सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर शहरवासियों ने सड़क किनारे घूमने वाले मवेशियों पर रेडियम पट्टी लगाने और बायपास पर विद्युतीकरण और वाहनों की गति नियंत्रित करने की व्यवस्था करने की मांग की।